प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

26 जून 2023

श्री स्वामीनाथन जे को भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया

श्री स्वामीनाथन जे ने आज भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला। भारत सरकार ने 21 जून 2023 को उन्हें पद ग्रहण की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर के पद पर नियुक्त किया है।

श्री स्वामीनाथन उप गवर्नर के रूप में नियुक्त होने से पहले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक (कॉर्पोरेट बैंकिंग और अनुषंगी) थे।

उप गवर्नर के रूप में श्री स्वामीनाथन, उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग, पर्यवेक्षण विभाग, वित्तीय समावेशन और विकास विभाग, निरीक्षण विभाग, परिसर विभाग और राजभाषा विभाग का कामकाज देखेंगे।

एसबीआई के साथ अपने 34 वर्षों से अधिक के कार्यकाल में, श्री स्वामीनाथन ने कॉर्पोरेट और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, खुदरा और डिजिटल बैंकिंग, वित्त और आश्वासन कार्यों से संबंधित विभिन्न पदों पर कार्य किया है। एमडी (कॉर्पोरेट बैंकिंग और अनुषंगी) के रूप में, उन्होंने एसबीआई और आरआरबी की गैर-बैंकिंग सहायक कंपनियों के साथ-साथ बैंक के बड़े कॉर्पोरेट और वाणिज्यिक क्रेडिट कारोबार का कामकाज देखा। इससे पहले, एमडी (जोखिम, अनुपालन और तनावग्रस्त आस्ति समाधान समूह) के रूप में, वह एसबीआई के लिए जोखिम प्रबंधन कार्यों के साथ-साथ विनियामक अनुपालन ढांचे का कामकाज देख रहे थे।

इससे पूर्व, उप प्रबंध निदेशक-वित्त के रूप में, उन्होंने बजटीय कार्य, पूंजी नियोजन, वित्तीय रिपोर्टिंग, निवेशक संबंध और सचिवीय अनुपालन का कार्यभार संभाला। एसबीआई के मुख्य डिजिटल अधिकारी के रूप में, श्री स्वामीनाथन ने बैंक के डिजिटल और लेनदेन बैंकिंग क्षेत्रों का प्रबंधन किया। मुमप्र के रूप में श्री स्वामीनाथन, एसबीआई के हैदराबाद सर्कल के प्रमुख थे।

एसबीआई के नामित व्यक्ति के रूप में, श्री स्वामीनाथन यस बैंक, एनपीसीआई, एनपीसीआई इंटरनेशनल, जियो पेमेंट्स बैंक के बोर्ड और एसबीआई की गैर-बैंकिंग सहायक कंपनियों के बोर्ड में निदेशक थे। श्री स्वामीनाथन ने 2021-22 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के विनियम समीक्षा प्राधिकारी (आरआरए 2.0) के सलाहकार समूह के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

श्री स्वामीनाथन ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, चेन्नई से एक्जिक्यूटिव एमबीए किया है। वे सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स (सीएआईआईबी), सर्टिफाइड डॉक्यूमेंट्री क्रेडिट स्पेशलिस्ट (सीएससीएस) और सर्टिफाइड एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग स्पेशलिस्ट (सीएएमएस) हैं।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/479 मुख्य महाप्रबंधक